Regarding revival of BSNL and MTNL

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया ।

अध्यक्ष जी, आप जानते हैं कि पिछले दस वर्ष से मैं महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड और बीएसएनएल की सेवाओं के लिए तड़पता रहा, बोलता रहा ।

माननीय अध्यक्ष : अरविंद जी का एमटीएनएल और बीएसएनएल प्रिय सबजैक्ट है, क्योंकि इन्होंने एमटीएनएल में लम्बे समय तक सर्विस की है ।

श्री अरविंद गणपत सावंत: महोदय, यह कृतज्ञता का भाव है । आज मुझे आशा की किरण दिखाई देती है, क्योंकि ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने पद ग्रहण के बाद कुछ कदम उठाए हैं । मेरा यह कंसर्न है और मैंने प्रधान मंत्री जी से लेकर सभी को चिट्ठियां लिखता रहा हूं । अब ऐसी हालत हो गयी है कि पिछले दो बजट में सरकार ने प्रावधान किया, लेकिन वह पैसा कहां गया? इससे मैं चिंतित हूं । अभी भी इस बजट में 1.18 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है । हाल ही में निजी टेलिकॉम कंपनियों ने अपने टैरिफ प्लान के रेट बढ़ाए हैं, जिससे लोगों को बीएसएनएल की याद आयी है । मुझे बहुत अच्छा लगा कि लोगों को उसकी याद आयी है । मेरी बीएसएनएल के बारे में मांग है कि सरकार वॉलयंटरी रिटायरमेंट स्कीम लेकर आयी, जिससे तकनीकी कर्मचारी घर गए । वह कोई होटल नहीं है, जहां चादर बदलने और कचरा उठाने की जरूरत है, वहां के लिए तकनीकी लोगों की जरूरत होती है और वहां के लोग सेवा नहीं कर पा रहे हैं । मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि आज हमें बीएसएनएल का मोबाइल ही मिलता है और वह चलना चाहिए । मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि सरकार के सभी मंत्री बीएसएनएल का मोबाइल टेलिफोन इस्तेमाल करें ताकि उनको पता चले कि कहां सेवा मिलती है और कहां नहीं मिलती है ।

सर, दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों में नहीं मिल रही है । बीटीएस टावर खड़े नहीं कर रहे हैं । इतने पैसे जा कहां पर रहे हैं? उसकी जांच की जाए और जल्दी से जल्दी बीएसएनएल का रिवाइवल किया जाए । सरकार ने प्रावधान किया है कि इसके लिए मॉनिटरिंग कमेटी की आवश्यकता है । वहां पर कुछ बदलाव आए हैं । पूरे देश में हर एक घर तक पहुंचने वाली एक ही टेलीकॉम सर्विस है, जो धंधे की बात नहीं करती है । वह सर्विस सेवा की बात करती है और उसका नाम भारत संचार निगम लिमिटेड और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड है । मैं सोचता हूँ कि मुझे कभी तो ऐसा अवसर मिले कि मैं इन दोनों का अभिनंदन करूं और इनकी सेवाएं अच्छी हुई है, मुझे यह बताने का भी अवसर मिले । मैं यही अपेक्षा करता हूँ ।